प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक 15.04.2024 समय 18.30
00000

- राज्य में पहले चरण के लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिये 2 दिन बाकी–कांग्रेस भाजपा सहित अन्य दलों और निर्दलीयों ने प्रचार में पूरी शक्ति लगाई।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भाजपा के घोषणा पत्र को विकसित भारत के निर्णय का सुनहरा दस्तावेज बताया।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की होम वोटिंग के तहत आज भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह से मतदान किया।
- देश में इस साल मानसून की वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना।

00000

राज्य की 12 लोकसभा सीटों पर पहले चरण के चुनाव के लिये प्रचार के वास्ते महज दो दिन बचे हैं। इसलिए कांग्रेस, भाजपा, आरएलपी, माकपा, भारत टायबल पार्टी और निदर्लीय प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी **शक्ति** लगा दी है। भाजपा की ओर से आज करीब दो दर्जन वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के प्रचार कार्यक्रमों में भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमितशाह का जयपुर शहर की चारदीवारी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो करने का कार्यक्रम है। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।इससे पहले आज सुबह, मुख्यमंत्री ने भरतपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो किया। भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा ने दौसा लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने आज कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन अलवर शहर में कंपनी बाग के सामने शहीद स्मारक से दोपहर एक बजे रोड शो किया। रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी ने हाथ हिलाकर और जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने दौसा प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में बांदीकुई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पिछले दस साल में देश में महंगाई और बेरोजगारी बढने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। इस जनसभा में सचिन पायलट सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में श्री पायलट ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष अच्छा प्रदर्शन करेगी।

......

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र करोड़ों जनता की आकांक्षाओं के मद्देनजर तैयार किया गया है। भाजपा का संकल्प पत्र संकल्पों के पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि अब तक देश मे राजनीतिक दल केवल घोषणा करते थे, लेकिन अमल में नही लाते थे। लेकिन भाजपा ने 2014 में जो कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी ने वो पूरा किया और ऐसा ही 2019 में हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के निर्माण का सुनहरा दस्तावेज है। श्री शर्मा ने केंद्र सरकार की ओर से उठाए किये महत्वपूर्ण कदमो की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दस साल में हर वर्ग का विकास हुआ है।

.....

श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में एक विजन है, लेकिन कांग्रेस, अपने घोषणा पत्र को कभी उठाकर भी नही देखती। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आज झालावाड में प्रेस वार्ता में कहा कि पार्टी के संकल्प पत्र में विकसित भारत का जो स्वप्न मोदी जी ने दिखाया है वो पूरा होगा। उधर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज अलवर में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई दिशा नहीं है। श्री गहलोत ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को काबू करने पर कोई बात नहीं की गयी है। उन्होंने भाजपा पर विभिन्न एजेन्सियों के दुरूपयोग का आरोप भी लगाया।

00000

राज्य में लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण में आज आपको लिये चलते है अजमेर संसदीय क्षेत्र में। अजमेर सीट के इतिहास के अनुसार यहां दोनो प्रमुख पार्टियों कांग्रेस और भाजपा ने ज्यादातर बाहरी उम्मीदवारों को ही तवज्जो दी है और 1989 के बाद से ये सीट अधिकतर भाजपा ने ही जीती है। इस सीट के चुनावी दंगल की तस्वीर पेश कर रही हैं।

......

0000

प्रदेश की अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में की गई जब्ती का आंकड़ा 800 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सीजर के मामले में राजस्थान ने इस बार नया रिकॉर्ड बनाया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान जब्ती के मामले में देश में पहले स्थान पर है। श्री गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहित लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध वस्तुओं की कीमत 712 करोड़ रुपये से ज्यादा है। राजस्थान में जब्ती के मामले में 1,390 प्रतिशत की बढोतरी हुई है।

00000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये बुजुर्गो और दिव्यांगों द्वारा घर से मतदान की प्रकिया जारी है। भीलवाडा के ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता नन्दलाल ने घर से वोट करने के बाद निर्वाचन विभाग की इस पहल के लिये तारीफ की। झालावाड जिले के डग क्षेत्र की 103 साल की दरियाव बाई ने पूरी गोपनीयता के साथ मतदान किया। खानपुर में बन्नियां गांव की 92 वर्षीय कस्तूरी बाई ने घर से वोट डाला। डग के गुलिया खेड़ी गांव में दिव्यांग मतदाता सुशील कुमार ने सुगम मतदान के लिये निर्वाचन विभाग का आभार जताया।

**00000**

राज्य में वोटिंग प्रतिशत बढाने के लिये चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत कई कार्यकम हो रहे हैं। केकडी में आज टेगौर शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से वोट बारात निकाली गई। इस दौरान मतदान संबंधी गीत बजाकर लोगों को वोट डालने के लिये प्रेरित किया गया। पाली में मतदाताओं को लुभाने के लिये गुलाबी रंग का आदर्श मतदान केन्द्र का मॉडल बनाया गया है। इस मॉडल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भीलवाडा में जगह जगह पोस्टर लगाकर लोगों को ई.वी.एम. से मतदान की प्रकिया बताई जा रही है। चूरू में सतरंगी सप्ताह के तहत नारंगी थीम पर कार्यकम हुआ, जिसमें महिलाओं ने वोट करूंगी तभी तो आगे बढ़ूंगी स्लोगन के साथ

मार्च निकाला। अजमेर में कलेक्ट्रेट परिसर में वोट वृक्ष और रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। डूंगरपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनाली में जागरूकता के लिये मतदान शपथ, निंबध, मेहंदी, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता के कार्यक्रम हुए। गंगानगर में महिला मार्च के अलावा स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में रंगोली सजाई गई।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें छोटी सादडी के श्रोता ने भेजा है।

..........

अलवर पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने भी मतदाताओं से बिना किसी डर के वोट डालने की अपील की है।

..........

**0000**

आकाशवाणी दिल्ली से कल सुबह 9 बजे प्रसारित होने वाले राजनीतिक दलों के चुनाव प्रसारण का आकाशवाणी जयपुर से रिले किया जाएगा। इस कारण आकाशवाणी जयपुर से सुबह 9 बजे प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचारों का प्रसारण सुबह 8 बजकर 50 मिनिट से किया जायेगा।

0000

इस साल देश में मॉनसून की वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने आज नई दिल्ली में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून के बारे में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि, उत्तर पश्चिमी, पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। इस अवसर पर भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युजंय महापात्रा ने कहा कि पहली जून से 30 सितंबर तक देशभर में औसतन 87 सेंटीमीटर वर्षा होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मॉनसून सीजन के शुरूआती समय में अल नीनो की स्थिति कमजोर बनी रह सकती है। डॉ.महापात्रा ने कहा कि अच्छे मॉनसून से जुडी ला नीना की स्थिति अगस्त से सितंबर के बीच बनने की संभावना है।

0000

इस बीच राज्य में कई स्थानों पर बारिश के बाद तापमान में कमी हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बूंदी, सवाईमाधोपुर, भीलवाडा, राजसमंद, झुंझुनूं, सीकर पाली, चूरू और जयपुर जिलों तथा आस–पास के इलाकों में हल्की बारिश या बूंदा बांदी हुई। सबसे अधिक 38 दशमलव 6 डिग्री तापमान पिलानी में रिकॉर्ड किया गया। आज भी राज्य के कुछ भागों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। आगामी 72 घंटों में ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री बढोतरी होने के आसार है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 18 अप्रैल से जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

0000

सेना की दक्षिण–पश्चिम कमान के स्थापना दिवस के अवसर पर आज जयपुर में कमान के मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस असर पर प्रेरणा स्थल पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कमान के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान कमान के जनरल ऑफि सर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सभी **कर्मियों** को बधाई दी। उन्होंने आधुनिक युद्धक्षेत्र में गौरव हासिल करने के लिए आधुनिक तकनीक को आत्मसात करने और रणनीति में सुधार के लिए व्यावसायिकता तथा निरंतर विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

0000

हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस आज जयपुर में राजभवन में समारोहपूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल भारत की वैदिक संस्कृति का संवाहक प्रदेश है। राज्यपाल ने हिमाचल को भारत का भाल बताते हुए कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भारतीय संस्कृति को हम एक स्थान पर साकार रूप में अनुभव कर सकें। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों ने लोकगीत प्रस्तुत किये।

*0000*

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत एनालिटिक्स जैसी नई प्रौद्योगिकियों से कर प्रणाली में सुधार के साथ–साथ कर चोरी पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। इससे करदाता का कर प्रणाली में विश्वास बढ़ता है और अधिक से अधिक लोग कर का भुगतान करते हैं। श्री धनखड़ आज नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी – एन ए डी टी में भारतीय राजस्व सेवा–आई आर एस के 76वें बैच के प्रशिक्षण सत्र के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

0000

सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के इक्कीस सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कुछ गुटों द्वारा सोचे–समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने के बढ़ते प्रयासों के बारे में चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि संकुचित राजनीतिक हितों और निजी फायदे से प्रेरित होकर ऐसे तत्व न्यायिक प्रणाली के बारे में लोगों के विश्वास में कमी लाने के लिए जुटे हुए हैं। इन लोगों ने इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। इस पत्र में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कहा गया है कि ऐसी कार्रवाई से न केवल न्यायपालिका की शुचिता का अनादर होता है बल्कि न्यायाधीशों की पारदर्शिता के सिद्धांतों को सीधी चुनौती दी जा रही है।

000000